ANNEXURE-31

10

MODELAMA EXPORTS LIMITED
105-106, UDYOG VIHAR PHASE-I
GURGAON-122016
Ph No:+91-124-2397838
FaxNo:+91-124-2397843

संख्या 30811 / यूनिट : 200 UDYOG VIHAR    दिनांक :01/11/2014

श्री / श्रीमती / कु ० BIBHA DEVI

स्थायी पता

**विषय** : नियुक्ति पत्र

महाशय / महाशया,

आपके दिनांक 01/11/2014 के नौकरी (सर्विस) हेतु आवेदन पत्र व इस विषय में हुए साक्षात्कार के सन्दर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि

आपको उपर्लिखित संस्थान में के पद पर निम्नलिखित शर्तों पर नियुक्त का प्रस्ताव दिया जाता है।

1. आपकी नियुक्ति संस्थान में आपके कार्य - ग्रहण की तारीख से वैध मानी जायेगी व आपको आपके कार्य हेतु प्रतिमाह सम्मिलित वेतन / मजदूरी निम्न प्रकार से होगे:-

| | |
|---|---|
| **मूल वेतन :** | 5943.00 |
| **मकान किराया भत्ता :** | 0.00 |
| **अन्य :** | 1257.00 |
| **कुल वेतन :** | 7200.00 |

2. आपकी नियुक्ति प्रथम 6 माह की अवधि के लिए परीक्षाधीन (परखकालीन ) होंगी जो कि 3 माह तक बढ़ाया जा सकता है। किसी लिखित आदेश की अनुपस्थिति में आपकी सेवाएं 240 वैतनिक दिवस पूर्ण होने के बाद स्वतः स्थायी मानी जायेगी। बढ़ाई गयी अवधि या परखकालीन अवधि पूर्ण होने के पूर्व आपकी सेवाएं बिना किसी क्षतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती है।

3. आपकी स्थायी नियुक्ति के पस्चात भी प्रबंधकगण द्वारा आपको बिना कोई कारण बताए एक माह का नोटिस अथवा एक माह का वेतन भुगतान कर सेवा समाप्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस प्रकार आप भी एक माह का नोटिस अथवा उसके बदले में एक माह के वेतन की अदायगी करके पद त्याग सकते है।आपके पद त्यागने की स्थिति में आपके द्वारा यथापूर्वक नोटिस न दिए जाने पर प्रबंधकगण को आपके वेतन में से उचित कटौती करने का व किसी भी प्रकार से क्षतिपूर्ति करने का पूर्ण अधिकार होगा। आपको प्रबंधकगण द्वारा ESI, PF, बोनस, अवकाश (अर्जित ) एवं अन्ये कानूनी सुविधाएँ जो भी आपके ऊपर लागु होंगी, ई एस आई एक्ट 1948, ई पी एफ एक्ट 1952, बोनस एक्ट 1965 एंड फैक्ट्री एक्ट 1948 के अंतर्गत देय होंगी। इसके अतिरिक्त आपको एक कलैंडर वर्ष में 7 आकस्मिक एवं 7 बिमारी हेतु अवकाश दिए जायेंगे।

4. आपकी नियुक्ति व स्थाई नियुक्ति आपके सदैव शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की शर्त केअधीन होगी। यदि कभी आवश्यक समझा गया तो आपकी ESIC(कर्मचारी राज्य बीमा निगम ) चिकित्सा(यदि आप ESIC योजना के सदस्य हो ) अथवा उस चिकित्सा से स्वास्थ्य परीक्षा करनी होगी जिसे प्रबंधकगण मनोनीत करेंगे इन हिदायतों की अवज्ञा करना

गम्भीर दुराचरण होगा जिसके फलस्वरूप व स्वस्थ्य परीक्षा के उपरान्त अयोग्य पाये जाने पर आपको संस्थान की सेवाओं से मुक्त किया जा सकता है।

यदि आपके आवेदन पत्र व व्यक्तिगत विवरण जिनके आधार पर आपको यह नियुक्ति प्रस्ताव दिया गया है, में दी गई कोई भी सूचना / कथन व ब्यौरा किसी भी समय गलत व भ्रामक पाया गया अथवा कोई भी तथ्य छुपाया या बढ़ा चढा कर कहा गया पाया तो आपकी सेवाएं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

6. आप कोई भी अवकाश, जो कि आपको प्राप्त है, प्रबंधकगण के पूर्व अनुमोदन पर ही ले सकते है। चिकित्सा अवकाश के होने पर भी आपको 24 घंटे के भीतर प्रबन्धकगण को सूचना देनी होगी। चिकित्सा अवकाश हेतु आवेदन पत्र कर्मचारी राज्य बीमा निगम ESIC के, यदि आप ESIC के सदस्य है, चिकित्सा दवारा आपको जारी किये गये प्रमाण पत्र सहित आना चाहिए व चिकित्सा अवकाश के उपरान्त कार्य ग्रहण करने से पूर्ण आपको उचित स्वास्थ्य प्रमाण- पत्र प्रबन्धकगण को देना होगा।

7. आपको उन सभी शर्तो, नियमो, आदेशो, स्थाई आदेशों एवं निर्देशों का पालन करना होगा जो प्रबधकगण दवारा समय-समय पर आप व संस्थान पर लागू किये जाएंगे। स्थाई आदेशों की एक प्रतिलिपि नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है जिसे आप कभी भी देख एवं पढ़ सकते हैं। आपका साप्ताहिक अवकाश रविवार को रहेगा जो कभी भी बदला जा सकता है। आपके कार्य के घंटे फैक्ट्री एक्ट 1948 के अनुसार होगें।

8. आपके दवारा कोई भी दस्ती / पंजीकृत व लिखित दस्तावेज (पत्र) लेने से इंकार करना एक गम्भीर दुर्व्यवहार समझा जाएगा। यदि आप किसी पत्र को लेने से इन्कार करेंगे तो उस पत्र की प्रतिलिपि संस्थान के सूचित पट पर लगा दी जायेगी। व उस स्थिति में वह पत्र आपको व्यक्तिगत रूप मे दिया गयी समझा जाएगा।

9. आपको संस्थान में किसी एक कार्य से दूसरे कार्य पर, किसी एक स्थानीय शाखा अथवा बहरी शाखा से दूसरी शाखा में, गुड़गाँव में या गुड़गाँव से बाहर जो कि अब है या भविष्य में खुल सकती है, मैं स्थानांतरित किया जा सकता है। आपको एक विभाग से दूसरे विभाग में व एक पारी से दूसरी पारी में चाहे वह दिन की या रात की हो, में भी लगायो जा सकता है। ऐसे आदेशों को न मानने की दशा में आपका व्यवहार सेवा नियमों के विपरीत एक गम्भीर दुराचरण समझा जायेगा। आपको किसी दूसरे स्थान / कंपनी में प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

10. आप संस्थान के पूर्णकालिक कर्मचारी होंगे व संस्थान में अपनी सेवाओं की अवधि में किसी अन्य संस्थान में या अन्य व्यवसाय में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में, कालांश अथवा पूर्णकाल के लिए वैतनिक अथवा अवैतनिक या किसी अन्य रूप में कार्य नहीं करेंगे और ना ही ही ऐसा कोई व्यवसायिक रहस्य किसी के समक्ष प्रकट करेंगे जो संस्थान के सेवाकाल की अवधि में आपकी जानकारी में हो।

11. यदि आप किसी कारणवश अपने सामान्य उत्तरदायित्व को निभाने में असमर्थ होंगे, जैसे आप का ठीक न होना , दुर्घटना के कारण असमर्थ हो जाना इत्यादि, तो प्रबंधकगण दवारा आपको एक मास की पूर्व सूचना या उसके बदले में एक मास का वेतन देकर सेवा मुक्त किया जा सकता है।

12. यदि आप किसी रोग वश संस्थान में कार्य से निरंतर अथवा समय-समय पर 6 मास तक अनुपस्थित रहे तो प्रबन्धकगण द्वारा आपको बिना किसी पूर्ण सूचना के सेवा से मुक्त किया जा सकता है ।

13. आपको पता बदलने पर लिखित सूचना देनी होगी अन्यथा संस्थान को आपसे जो भी पत्र व्यवहार करना होगा, वह आपके दवैारा दिए गए अंतिम पते पर ही किया जाएगा व वह पत्र यथापर्वक भेजा गया समझा जाएगा। उपरोक्त पत्र न मिलने का समस्त उत्तरदायित्व कर्मचीरी पर होगा।

14. यदि आप कभी भी अनुशासनहीनता, आदेशों की अवज्ञा / अवहेलना, बेईमानी, अनियमित एवं दुर्व्यवहार के कार्यो के दोषी पाये गए या संस्थान में कार्य से बिना किसी पूर्व सूचना व अनुमति के अक्सर अनुपस्थित रहने या किसी सेवा नियमो / शर्तो के उलंघन करने या स्थायी आदेशों की अवहेलना के या किसी और दुराचरण के दोषी पाए गए तो आपकी सेवाये, स्थायी आदेशों के अंतर्गत दिए गये प्रावधानों के अनुसार समाप्त की जा सकती है। आपकी सेवा निवृत्ति की उम्र सामान्यतया 58 वर्ष होगी।

15. यदि संस्थान दवारा नियत समय से अधिक कार्य कराया जाता है तो अतिरिक्त समय का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा। यदि आपको संस्थान में नौकरी हेतु उपरोक्त शर्ते

स्वीकार हैं तो आप इस पत्र की सलग्न प्रतिलिपि में दी गई घोषणा पर हस्ताक्षर कर दें व हस्ताक्षरित प्रतिलिपि हमारे कार्यालय अभिलेख के लिए लौटा दें। यह हस्ताक्षर आपकी इस पत्र में लिखी हुई सेवा शर्तो को पूर्णरूप से मानने की स्वीकृति को करना समझा जाएगा। अतः आप दिनांक 01/11/2014 या उससे पहले संस्थान में कार्य ग्रहण हेतु सूचना दें अन्यथा यह नियुक्ति प्रस्ताव स्वतः रद्द समझा जाएगा।

12

For Modelama Exports Ltd.

Authorised Signatory

AUTHORISED SIGNATORY

# घोषणा

मैंने उपरोक्त लिखित नियुक्ति - पत्र की शर्ते व् संस्थान में मेरी सेवा / कार्य हेतु शर्ते. नियम स्थायी नियम इत्यादि पूर्णतया पढ व समझ लिए हैं। उपरोक्त पत्र में निहित शर्तो एवं संस्थान में सेवा / कार्य हेतु नियम व् शर्ते मुझे पढकर सुना दी गयी हैं। मैं संस्थान में अपनी नियुक्ति इन सेवा शर्तो व् नियमों को सर्वथा मानकर स्वीकार करता / करती हूँ। मैंने नियुक्ति पत्र की मूल प्रति प्राप्त की है।

तिथि 01/11/2014

हस्ताक्षर

Print